तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

# हरिभूमि हिसार भूमि

रोहतक, मंगलवार, 23 सितंबर, 2025

11 100 मीटर में सुजल और 200 में अंकुश दौड़े सबसे तेज



12 किसानों को खेती के साथ-साथ उद्यमिता की ओर...



## खबर संक्षेप

### सरेआम सट्टा खाईवाल करते एक गिरफ्तार

**हांसी।** विशेष अभियान के दौरान सीआईए स्टाफ हांसी पुलिस ने सरेआम सट्टा खाईवाल करते हुए एक आरोपी को 11,500 रुपए के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान हांसी के वार्ड नंबर 10 निवासी मोहित के रूप में हुई है। सीआईए स्टाफ हांसी में तैनात एएसआई रवि कुमार ने बताया कि सीआईए स्टाफ हांसी पुलिस को सूचना मिली थी कि हुड्डा सेक्टर 6 में एक व्यक्ति सरेआम सट्टा खाईवाल कर रहा है। सूचना के आधार पर टीम का गठन किया गया। और टीम ने मौका पर जाकर मोहित को 11,500 रुपये सहित गिरफ्तार करके रुपयों को कब्जा पुलिस में लेकर आरोपी के खिलाफ थाना शहर हांसी में जुआ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है।

### चोरी की मोटरसाइकिल सहित एक गिरफ्तार

**हांसी।** थाना शहर हांसी पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान दुर्गा कालोनी निवासी मिठ्ठू के रूप में हुई है। थाना शहर हांसी में तैनात एएसआई मुकेश कुमार ने बताया कि आरोपी ने माह जुलाई 2025 में आमटी तालाब हांसी के पास से मोटरसाइकिल चोरी की थी। जिसको लेकर आरोपी के खिलाफ थाना शहर हांसी में मुकदमा दर्ज हुआ था। और हांसी पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से मोटरसाइकिल को बरामद कर कब्जा पुलिस में लिया गया है।

### अंडरपास पर सुनवाई नहीं करने पर देंगे धरना

**उकलाना।** सिरसा-चंडीगढ़ रोड पर बन रहे रेलवे ओवरब्रिज से परेशान क्षेत्र वासियों ने विश्वकर्मा धर्मशाला में अंडरपास बनाने की मांग को लेकर बैठक हुई। इसमें काफी संख्या में लोग एकत्रित हुए और उन्होंने ओवरब्रिज से पहले अंडर पास बनाने की मांग की। सर्वव्यापार मंडल के अध्यक्ष महेश बंसल ने कहा कि आगामी 2 से 3 दिनों मे विभिन्न संगठन की बैठक करके आगामी रूपरेखा तैयार करेंगे जिसमें सरकार को ज्ञापन दिया जाएगा और आवश्यकता पड़ने पर आंदोलन भी किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि यह आगामी बैठक में लिया जाएगा कि पूरा उकलाना बंद किया जाए या धरना लगाया जाए।

### लाडो लक्ष्मी योजना की एप का शुभारंभ 25 को

**हिसार।** अतिरिक्त उपायुक्त सी जयाश्रद्धा ने कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए एक कदम और आगे बढ़ाते हुए महत्वाकांक्षी योजना दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना की शुरूआत करने जा रही है। महिलाओं के सामाजिक व आर्थिक सम्मान के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 25 सिंतबर को दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना के मोबाइल एप का शुभारम्भ करेंगे। इसी दिन हिसार सहित राज्य के सभी जिलों में विशेष कार्यक्रम आयोजित होंगे।

## नवरात्रि पर्व पर पुलिस की ओर से व्यापक एवं कड़े सुरक्षा प्रबंध, एसपी ने मंदिरों के आसपास पुलिस की विशेष तैनाती की, गश्त बढ़ाने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

शारदीय नवरात्रि महोत्सव के चलते पुलिस प्रशासन अलर्ट हो गया है। नवरात्र महोत्सव 1 अक्टूबर तक चलेगा। इस दौरान देवी मंदिरों में प्रतिदिन भजन-कीर्तन, जागरण एवं पूजा-अर्चना के लिए भारी संख्या में श्रद्धालुओं के जुटने की संभावना है। पुलिस अधीक्षक शशांक कुमार सावन ने कहा है कि नवरात्रि के अवसर पर किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधि, शरारत या साम्प्रदायिक अफवाह फैलाने की कोशिश को रोकने तथा जिले में शांति व सौहार्द का वातावरण बनाए रखने के लिए पुलिस द्वारा जिलेभर में व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं।

**खास बातें**

- सभी थाना प्रबंधकों को अपने-अपने क्षेत्र के प्रमुख मंदिरों पर सुरक्षा बढ़ाने के दिए निर्देश
- पुलिस की चप्पे-चप्पे पर रहेगी पैनी नजर

### देवी मंदिरों में प्रतिदिन भारी संख्या में भक्तों के जुटने की संभावना

#### पुलिस करेगी नियमित गश्त

उन्होंने कहा कि सभी थाना प्रबंधकों को अपने-अपने क्षेत्र के प्रमुख मंदिरों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर 1 अक्टूबर तक अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए गए हैं। पीसीआर व राइडर टीमों को विशेष रूप से मंदिरों और आस-पास के इलाकों में नियमित गश्त करने के लिए तैनात किया जाएगा। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, अतिथि गृह, धर्मशाला, लॉज, होटल, ढाबा, झुग्गी-झोपड़ी आदि स्थानों पर सघन चेकिंग की जाएगी। कोई भी अजनबी या संदिग्ध व्यक्ति नोटिस में आते ही उसकी पहचान की तत्काल जांच की जाएगी और आवश्यकतानुसार सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। मंदिरों के आस-पास यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में यातायात पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। पार्किंग स्थलों का उचित प्रबंधन सुनिश्चित किया जाएगा ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।



हिसार। नवरात्रि महोत्सव के चलते गश्त करती पुलिस टीम।

#### पुलिसकर्मी करेंगे मंदिरों का दौरा

सभी थाना प्रबंधक व्यक्तिगत रूप से अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश देंगे और समय-समय पर मंदिरों का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करेंगे। पर्यवेक्षण अधिकारी लगातार अपने-अपने क्षेत्रों के प्रमुख मंदिरों की चेकिंग करेंगे और सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए थाना प्रबंधकों को विशेष हिदायत देंगे। किसी भी प्रकार की तनाव पूर्ण स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल कार्रवाई करते हुए माहौल को शांतिपूर्ण बनाए रखने के लिए त्वरित कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि मंदिरों, बाजारों और भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर महिलाओं की सुरक्षा और असामाजिक तत्वों पर निगरानी हेतु दुर्गा शक्ति पुलिस टीम की तैनाती की गई है। साथ ही सिविल ड्रेस में भी पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है।

## महाराजा अग्रसेन जयंती पर कार्यक्रम आयोजित

**आदमपुर।** महाराजा अग्रसेन जयंती के मौके पर सोमवार को अग्रवाल सभा द्वारा अग्रसेन चौक पर भजन संध्या व माल्यार्पण कर ढोल-नगाड़ों के साथ लड्डू बांटे गए। कार्यक्रम का शुभारंभ अग्रवाल सभा के प्रधान घीसाराम जैन, गोशाला के सरंक्षक तरसेम गोयल, सुभाष अग्रवाल, दिनेश गर्ग, गौरव सिंगला, जगत अग्रवाल, अमित गोयल, नरेश गोयल, करिश्मा गोयल सहित अनेक गणमान्य लोगों ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान गायकार प्रिंसी गोयल, राजेंद्र भारती व कश्मीरीलाल ने महाराजा अग्रसेन व कुलदेवी महालक्ष्मी के भजन गाकर उनको नमन किया।

## सरकारी कोष को लेकर विवाद, जान के डर से सरपंच ने छोड़ा गांव

# सोरखी में सरपंच परिवार पर गांव के लोगों ने किया हमला

*गांव के सरपंच परिवार पर गांव के 100-150 युवाओं पर हमले का आरोप, काटी सीसीटीवी की केबल*

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

- गांव में तनाव पूर्ण माहौल
- पीड़ित पक्ष ने पुलिस से लगाई सुरक्षा की गुहार

राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित गांव सोरखी में सरकारी कोष को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। इसके चलते रविवार को गांव के सरपंच परिवार पर गांव के 100-150 युवाओं द्वारा हमला किया गया। सरपंच प्रतिनिधि रामचंद्र व उनकी पत्नी के साथ मारपीट की गई। जिसमें रामचंद्र की पत्नी घायल हो गई। आस-पास व परिवार के लोगों ने मौके पर पहुंच बीच-बचाव किया और घायलों को उपचार के लिए नागरिक अस्पताल में भर्ती कराया। सरपंच प्रतिनिधि रामचंद्र ने बताया कि रविवार को उनके घर पर लगभग 100-150 लोगों ने हमला कर दिया। हमलावरों ने पहले सीसीटीवी कैमरे की तारें काटीं, और उसके बाद मेरे व मेरी पत्नी के साथ हाथापाई की। घटना के बाद सरपंच परिवार ने गांव में जान का खतरा बताते हुए घर को ताला लगा दिया और गांव से पलायन कर लिया।



हांसी। विधायक विनोद भयाणा को मामले की जानकारी देते सोरखी सरपंच प्रतिनिधि रामचंद्र व समर्थक ग्रामीण। *फोटो: हरिभूमि*

### मुआवजा के मिले रुपये है विवाद की जड़

दरअसल, विवाद की जड़ 2014-15 में हिसार-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण के दौरान मिली ग्राम पंचायत की जमीन का मुआवजा है। अधिग्रहण की गई जमीन के एवज में पंचायत खाते में 1 करोड़ 21 लाख रुपए जमा हुए थे। इसी धनराशि के उपयोग को लेकर गांव के दो पक्ष आमने-सामने हैं और एक पक्ष चाहता है कि मुआवजा राशि को इंद्रगिरी डेरे में लगाया जाए, जबकि सरपंच का कहना है कि इसे अन्य सार्वजनिक कार्यों में खर्च किया जाएगा। फिलहाल गांव में माहौल तनावपूर्ण है। डीएसपी देवेंद्र नैन ने कहा कि वह गांव जाकर स्थिति का जायजा लेंगे।

### एससी-एसटी एक्ट के तहत केस

विधायक विनोद भयाना को एसपी अमित यशवर्धन ने बताया कि मामले में एससी-एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया जा चुका है और मामले की जांच की जा रही है। और नारनौंद डीएसपी इस मामले पर लगातार ग्रामीणों के संपर्क में हैं और आरोपियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

### विधायक ने एसपी से की बात

सोमवार सुबह सोरखी गांव के करीब 100 ग्रामीण, महिलाओं के साथ विधायक विनोद भयाना के आवास पर पहुंचे। ग्रामीणों ने विधायक को बताया कि गांव में हालात इतने तनावपूर्ण हैं कि अगर वे वापस लौटते हैं, तो उनकी जान को खतरा है। इसके बाद विधायक विनोद भयाना ने तुरंत पुलिस अधीक्षक से बात की। और उन्हें सरपंच परिवार को सुरक्षा मुहैया और गांव के हालात पर नजर रखने के लिए कहा। विधायक ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि प्रशासन उनकी हर संभव मदद करेगा।



आदमपुर। अपने समर्थकों के साथ वरिष्ठ भाजपा नेता कुलदीप बिश्नोई, पूर्व विधायक भव्य बिश्नोई व अन्य। *फोटो: हरिभूमि*

### पूर्व सांसद ने मनाया 58वां जन्मदिन

## जल्द बड़ी प्रदेश स्तरीय रैली करेंगे : बिश्नोई

- आदमपुर में जन्मदिवस समारोह में उमड़े जनसमूह ने लिया रैली का रूप

हरिभूमि न्यूज ⏭आदमपुर

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सांसद कुलदीप बिश्नोई के 58वें जन्मदिन को उनके समर्थकों ने 'जनहित दिवस' के रूप में मनाया। मंडी आदमपुर दुकान नं. 107 के सामने स्थित अनाज मंडी के शैड में आयोजित कार्यक्रम में उमड़ी भारी भीड़ से यह कार्यक्रम रैली में तब्दील हो गया। कुलदीप बिश्नोई ने कहा कि किसी भी नेता के लिए बहुत भावुकता वाला होता है, जब कोई पद न होने के बावजूद लोग आपको दिल से चाहते हैं। हरियाणा के अलावा राजस्थान, दिल्ली, पंजाब और महाराष्ट्र सहित अलग-अलग क्षेत्रों में सामाजिक कार्यक्रम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे प्रदेश भर का दौरा जारी रखेंगे और जल्द ही प्रदेश स्तरीय रैली करेंगे।

#### जनता बोले पूर्व सांसद

भव्य बिश्नोई ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि कुलदीप बिश्नोई को राजनीति में बार-बार धोखा मिला। सामाजिक तौर पर कुछ स्वार्थी लोगों ने उनकी छवि धूमिल करने की असफल कोशिश की, परंतु मुश्किल से मुश्किल परिस्थितियों के बावजूद चेहरे पर मुस्कान लिए जिस तरह से उनका जनहित के लिए संघर्ष रहा है, वह हम सबके लिए प्रेरणास्त्रोत है।

## अग्रसेन जयंती पर हवन-पूजन

- केंद्र सरकार को अग्रसेन जयंती पर राष्ट्रीय स्तर पर अवकाश घोषित करें : गर्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

अग्रोहा धाम व महाराजा अग्रसेन चौक पर महाराजा अग्रसेन जी की जयन्ती पर हवन-पूजन, भजन समारोह व भंडारा का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता अग्रोहा धाम अग्रोहा विकास ट्रस्ट के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग ने की। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष गर्ग ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज महाराजा अग्रसेन जयंती पूरे देश व प्रदेश में भव्य रूप से मनाई जा रही है।



हिसार। अग्रोहा धाम के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बजरंग गर्ग महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा पर माला अर्पण करते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

#### इस अवसर पर ये रहे मौजूद


*इस अवसर पर प्रमुख समाजसेवी शोराम अग्रवाल, जगदीश जिंदल, जगमोहन मित्तल, सत्य प्रकाश राजलीवाला, नरेश, बंसल, वीरभान बंसल, सत्यपाल अग्रवाल, राम अवतार सिंगल, सुरेंद्र लोहरिया, अंजनी कोहली वाला, ऋषि राज गर्ग, राजेंद्र बंसल, रोशन लाल गोयल, नरेंद्र गर्ग, निरंजन गोयल, मुकेश बंसल, अमर गोयल, अनंत अग्रवाल, ईश्वर सेठ आदि प्रतिनिधि भारी संख्या में मौजूद थे।*

## भवन में धूमधाम से मनाई अग्रसेन जयंती

- काकाजी ग्रुप के कलाकारों ने अनूठी छाप छोड़ी
- महाराजा अग्रसेन के दिखाए रास्ते पर चलने का आह्वान

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

महाराजा अग्रसेन भवन ट्रस्ट के तत्वाधान में नगर की अनेक संस्थाओं के सहयोग से ट्रस्ट के प्रधान अंजनी कुमार खारियावाला की देखरेख में अग्रसेन भवन में महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। महोत्सव में स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल, विधायक सावित्री जिंदल, पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता व हरियाणा प्रदेश व्यापार मंडल के अध्यक्ष बजरंग दास गर्ग विशेष अतिथि के रुप में उपस्थित हुए। समारोह में ट्रस्टियों के अलावा सहयोगी संस्थाओं से जुड़े लोग व नगर के सैंकड़ों गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समारोह में ट्रस्ट के उपप्रधान प्यारेलाल लाहौरिया, कोषाध्यक्ष रामनिवास कोहलीवाला के अलावा नगर पार्षद संजय डालमिया, विभिन्न संस्थाओं से जुड़े एन.के.गोयल, प्रवीन जैन, प्रवीन गर्ग, विनोद गुप्ता, सत्यपाल अग्रवाल, शिवकुमार गोयल, सुरेन्द्र दुर्जनपुरिया, अनिल सिंगला, देवेन्द्र गर्ग, महेन्द्र गर्ग, नरेश सिंगल, विरेन्द्र गुप्ता, अभिमन्यु बंसल आदि रहे।





हिसार। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार व उपस्थित निकाय मंत्री विपुल गोयल, विधायक सावित्री जिंदल, बजरंग गर्ग व अंजनी कुमार खारियावाला।

#### बोले वक्ता

वक्ताओं ने महाराजा अग्रसेन की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि महाराजा अग्रसेन की राजधानी अग्रोहा थी। महाराजा अग्रसेन के जीवन के मूल रुप से तीन आदर्श रहे जिनमें लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था, आर्थिक समरुपता एवं सामाजिक समानता शामिल है।

## नशा माफिया पर पुलिस का शिकंजा

- केले की आड़ में डोडा पोस्त की बड़ी खेप पकड़ी
- 144 किलो 190 ग्राम डोडा पोस्त सहित तस्कर गिरफ्तार, 7 दिन के पुलिस रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

नशीले पदार्थों का अवैध व्यापार करने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में डोडा पोस्त बरामद कर एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान संत नगर मोगा निवासी हरपाल सिंह के रूप में हुई। आरोपी कैंटर में केले की आड़ में डोडा पोस्त की तस्करी करता पकड़ा गया है। आरोपी को अदालत में पेश किया, जहां से उसे 7 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। सीआईए स्टाफ के एएसआई राकेश कुमार अपनी टीम सहित रविवार की रात्रि थाना उकलाना क्षेत्र में गश्त पर थे। इसी दौरान मिली गुप्त सूचना के आधार पर पता चला कि एक व्यक्ति कैंटर में केले की आड़ में डोडा पोस्त की बड़ी खेप लेकर सुरेवाला रोड से टोहाना रोड की ओर किसी ग्राहक का इंतजार कर रहा है।



हिसार। सीआईए पुलिस गिरफ्त में आरोपी हरपाल सिंह। *फोटो: हरिभूमि*

### कैन्टर गाड़ी जब्त

आरोपी की पहचान संत नगर मोगा निवासी हरपाल सिंह के रूप में हुई। इस पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट नायब तहसीलदार उकलाना की मौजूदगी में गाड़ी की तलाशी लेने पर केलों के बीच छुपाए गए 8 प्लास्टिक के कट्टों में कुल 144 किलो 190 ग्राम चूरा डोडा पोस्त बरामद हुआ। बरामद सभी 8 कट्टों को विधिवत तौल, सील और कब्जा पुलिस में लिया गया, साथ ही कैन्टर गाड़ी को भी जब्त किया गया।

**धर्मक्षेत्र**

### सरपंच सोनू सरोहा ने ध्वजारोहण कर किया श्रीरामलीला का शुभारंभ

## लोहारी राघो में ऐतिहासिक रामलीला मंचन शुरु, ध्वजारोहण से शुरुआत

*कलाकारों ने भगवान श्री राम की आरती कर प्रार्थना की प्रस्तुति दी*

हरिभूमि न्यूज ⏭नारनौंद

देश-प्रदेश में अपनी विशेष पहचान बना चुकी गांव लोहारी राघो की ऐतिहासिक रामलीला का मंचन इस बार भी शुरु हो गया है। श्री रामा रामलीला कल्ब लोहारी राघो के बैनर तले रविवार को गांव के सरपंच सोनू सरोहा ने ध्वजारोहण कर रामलीला का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कलाकारों ने भगवान श्री राम की आरती की और प्रार्थना की भी प्रस्तुति दी। इस अवसर पर क्लब के कलाकारों द्वारा मुख्यातिथि सरपंच का स्वागत किया गया। इस अवसर पर श्री रामा कल्ब के प्रधान सेवक गुलशन भ्याना, डायरेक्टर मुनीष चराया, सुभाष चावला, इंद्रजीत तनेजा, कैशियर राजकुमार सेठी,अजमेर सिंह, पूर्व सरपंच ध्यान सिंह, नंबरदार सतपाल गिनोत्रा, मुनीष भ्याणा, गौशाला प्रधान बनारसी राठी, राम कम्बोज, फूल सिंह, शाम चावला समेत सभी कलाकार व गांव के भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रधान सेवक गुलशन भ्याणा ने हरियाणा पुलिस का विशेष आभार जताया। इस बार भी पहले दिन स्वंय नारनौंद थाना प्रभारी बलवान सिंह अपनी टीम के साथ मौजूद रहे।



नारनौंद। लोहारी राघो रामलीला में भगवान राम का वंदन करते कलाकार।

#### लगी एलईडी स्क्रीन

दशहरे पर जलाए जाएंगे रावण के साथ मेघनाथ व कुंभकरण के भी पुतले इस बार लोहारी राघो में दशहरा उत्सव स्पेशल होगा। इस बार दशहरा पर्व पर रावण के साथ-साथ मेघनाथ व कुंभकरण के भी पुतले जलाए जाएंगे। अब से पूर्व गांव मे सिर्फ रावण का ही पुतला दहन किया जाता था। एलईडी स्क्रीनें भी रामलीला पंडाल की शोभा बढ़ा रही हैं।

हरिभूमि
सहेली





आवरण कथा

मोनिका शर्मा

# व्यावहारिक धरातल पर बढ़ती स्त्री शक्ति की स्वीकार्यता

यह एक अनुपम संयोग है, इस बार नवरात्रों में बेटी दिवस भी पड़ रहा है। नवरात्र में कन्या पूजन की परंपरा है। बेटियों को देवी का रूप मानकर पूजना मात्र एक रीत नहीं है, यह स्त्री शक्ति का मान है। दूसरी ओर नवरात्र में देवी की उपासना से हमें आध्यात्मिक-मानसिक ऊर्जा मिलती है, हमारी आत्मशक्ति बढ़ती है। इसी आत्मशक्ति से आज महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में अपनी मेधा शक्ति प्रदर्शित कर रही हैं।

बेटियां घर-आंगन की रौनक मानी जाती हैं। लक्ष्मीस्वरूपा कही जाती हैं। हमारे परिवारों में बिटिया के मान-मनुहार की रीत सदा से रही है। त्योहारी खुशियां, घर की लाडलियों की मुस्कुराहटों के बिना अधूरी सी लगती हैं। इतना ही नहीं, बिटिया को देवी स्वरूप मानकर पूजन का भी रिवाज है। मां आदिशक्ति की उपासना के ये दिन बेटियों के सशक्त रूप और पूज्यनीय स्थान को ही याद दिलाते हैं। सुखद है कि बेटियां आज कोमलांगी रूप में स्नेह-मान ही नहीं पा रहीं, उनका सशक्त स्वरूप आर्म्ड फोर्सेस से लेकर खेलों की दुनिया तक भी स्पष्ट दिखता है। ऐसे में मां शक्ति की अर्चना के उत्सव में कन्या पूजन की रीत, बेटियों से सशक्त व्यक्तित्व की स्वीकार्यता और स्नेह जताने के भाव से ही जुड़ी है। वहीं पंडालों में मां शक्ति के समक्ष नत होने का भाव स्त्री शक्ति के सामर्थ्य का सुंदर उत्सव सा है।

**शक्ति पूजन से जुड़ा रिवाज:** बेटियों को देवी का रूप मानकर पूजन करने की रीत मात्र एक रिवाज भर नहीं है। यह स्त्री शक्ति को मान देने की रीत भी है। मां गौरी के सौम्य ही नहीं, रौद्र रूप तक की आराधना का भाव लिए है। शक्ति के प्रति भय नहीं, भावपूर्ण जुड़ाव की झांकी-सा है। असल में नवरात्रों में कन्या का पूजन करने के पीछे बेटियों को सर्वविद्या स्वरूपिणी मानने की आस्था भी है। यही वजह है कि हमारे शास्त्रों में भी मां गौरी स्वरूप मानते हुए बालिकाओं के पूजन को बहुत अहमियत दी गई है। इसका एक प्यारा और प्रगतिशील पक्ष यह भी है कि इससे धार्मिक ही नहीं, सामाजिक-पारिवारिक पहलू भी जुड़े हैं। सामाजिक रूप से कन्या पूजन में कोई जाति भेद ना रखना, रेखांकित करने वाली बात है। वहीं परिवार में भी बिटिया को समान अधिकार और परवरिश मिलने की सोच को बल मिलता है। धार्मिक मोर्चे पर यह मातृ शक्ति के रूप में स्त्री के सामर्थ्य को मान देने का पहलू लिए है।

**साहस और सफलता की स्वीकार्यता:** असल में नवरात्र शब्द संस्कृत के 'नव' और 'रात्र' से बना है। यहां नव का अर्थ नौ और रात्र यानी रातें है। माता दुर्गा के नौ अलग-अलग रूपों को समर्पित नौ रातों में आस्था और उत्सव की रौनक हर ओर दिखती है। उपवास और आराधना के ये दिन भीतरी बदलाव के भी प्रतीक हैं। यह पर्व राक्षस महिषासुर पर मां शक्ति की विजय का स्मरण करवाता है। यह जीत स्त्री शक्ति और उनके मान के मायने समझाती है। माता भगवती के नौ शक्तिशाली रूपों के सम्मान का भाव कहीं न कहीं महिलाओं के सम्मान और समानता की सोच को भी पोसता है। व्यावहारिक रूप से देखा जाए तो आज हर ओर स्त्रियों की सशक्त उपस्थिति दिखती है। यह मौजूदगी उनके सबल होने का ही प्रतीक है। भारत में महिलाओं की कुल आबादी लगभग 66.3 करोड़ है। इनमें हर आयुवर्ग की स्त्रियां शामिल हैं। महिलाओं के कुल आबादी में से करीब 45 करोड़ महिलाओं की उम्र 15 से 64 वर्ष के बीच है। देश की श्रमशक्ति में अहम हिस्सेदारी निभाने वाली युवतियां हों या परीक्षाओं में अव्वल आने वाली बेटियां, महिलाएं राष्ट्र की रीढ़ बनी हुई हैं। राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय खेल प्रतिस्पर्धाओं में मेडल बटोरने वाली लाडलियां हों या सैन्य मोर्चे पर डटीं बेटियां, ये शक्तिस्वरूपा बन परिवार का ही नहीं, देश का भी मान बढ़ा रही हैं। ग्लोबल मंचों पर भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली महिलाएं आत्मविश्वास से लबरेज नजर आती हैं। स्टार्टअप्स की बात हो या सफल उद्यमियों की, महिलाएं अहम भूमिकाओं में दिख रही हैं। सुखद है कि देश की श्रमशक्ति का हिस्सा बनी स्त्रियों के साहस और सफलता की समग्र समाज में स्वीकार्यता दिखती है। वहीं घर-परिवार को थामने वाली स्त्रियों की भागीदारी और संघर्ष को भी समझा और मन से मान दिया जाने लगा है।



**विचार और व्यवहार का परिष्करण:** नवरात्र का पर्व समाज में वैचारिक चेतना भी जगाता है। मां की उपासना के इन दिनों में आध्यात्मिक और मानसिक ऊर्जा के उपार्जन को बल मिलता है। पूजन-अर्चन का यह जीवंत उत्सव सकारात्मक सोच और आत्मशुद्धि की ओर प्रवृत्त करता है। 'या देवी सर्वभूतेषु चेतनेत्यभिधीयते' श्लोक के अनुसार-देवी तुम चेतना के रूप में सभी जीवों में स्थित हो। यह भाव मां की सर्वव्यापकता और चेतनामयी उपस्थिति को समझाता है। आराधना से जुड़ा यह भाव इंसानी मन को चैतन्य बनाता है। अपने परिवेश और प्रकृति से जोड़ता है। विचार और व्यवहार के इस परिष्करण से भी स्त्रियों के प्रति मान का भाव बढ़ा है। वहीं आत्मिक ऊर्जा जुटाकर स्त्रियां सबल बन रही हैं, अपने लक्ष्यों तक पहुंच रही हैं। महिलाएं तो विवेक रूपी अस्त्र का प्रयोग कर रूढ़िवादी बंधनों से खुद को मुक्त कर ही रही हैं, समाज भी उनके जाग्रत अस्तित्व को सम्मान देने लगा है। स्त्री शक्ति चेतनामयी बन जीवन के अंतर्द्वंद्वों पर विजय पा रही है। परिवार में भी सधी सोच की सजगता से दमकते बहू-बेटियों के व्यक्तित्व को सराहा जाने लगा है। नवरात्र, मां आदिशक्ति की उपासना का आध्यात्मिक और पारंपरिक पर्व जरूर है पर हर क्षेत्र में भागीदारी दर्ज करवाती महिलाओं के सामर्थ्य और बुराइयों का प्रतिकार करने की उनकी सोच हमें स्त्री शक्ति के वास्तविक स्वरूप से भी मिलवाती है।

## नेह-सम्मान का साझा भाव

**बेटियां समाज** की साझी होती है। उनका मान पूरे समाज की जिम्मेदारी है। संभवतः इसीलिए मां शक्ति की उपासना में, आस-पड़ास और समाज की नौ कन्याओं को भोजन करवाने का रिवाज जुड़ा है। देवी का रूप मानकर कन्या पूजन करने की परंपरा को कंजक कहा जाता है। बंगाल में तो छोटी-छोटी बच्चियों को भी मां कह कर बुलाया जाता है। वहां छठवें दिन मां आदि शक्ति के आह्वान से शुरू होने वाला यह पूजन-अर्चन का उत्सव, दसवें दिन तक चलता है। यहां भी मां गौरी को बेटी के रूप में पूजा जाता है। मान्यता है कि माता दुर्गा, इन दिनों ससुराल से मायके आती हैं। आज जब बेटियों की सुरक्षा सबसे बड़ी चिंता बनी हुई है, नवरात्र के पर्व से जुड़ी आस्था का भाव उनकी सुरक्षा-सम्मान दोनों का संदेश देता है। कंजक के रूप में छोटी बच्चियों से लेकर मायके आने वाली बिटिया के मान-मनुहार तक, बेटियों को अपना मानने और उनका मान बनाए रखने की साझी रीत को लिए है।



# नवरात्रों में ऐसे करें देवी पूजन सिद्ध होंगी सभी मनोकामनाएं

नवरात्रों में देवी पूजन का विशेष महत्व है। इन नौ दिनों में मां दुर्गा के अलग-अलग नौ रूपों की पूजा-अर्चना की जाती है। अगर आप इस दौरान शास्त्रोक्त विधान से पूजन करेंगी तो देवी माता की विशेष कृपा आपके पूरे परिवार को प्राप्त होगी।

पूजन-विधान

अनिता जैन, वास्तुविद



मां आदिशक्ति भवानी की उपासना, शक्ति की साधना, ऋतुओं के संधिकाल में पड़ने वाला आध्यात्मिक ऊर्जा के संचयन का महापर्व, शारदीय नवरात्र कल (22 सितंबर, सोमवार) से शुरू हो चुका है। आगामी 2 अक्टूबर, मंगलवार को विजय दशमी के साथ इसका समापन होगा।

**मां दुर्गा की महिमा:** नवरात्र के इन पावन दिनों में मां के भक्त परब्रह्म शक्ति की उपासना करके स्वयं को और अपने परिवार को दैहिक, दैविक और भौतिक तापों से मुक्ति दिला सकते हैं। देवी भागवत के अनुसार दुर्गा ही ब्रह्मा, विष्णु एवं महेश के रूप में सृष्टि का सृजन, पालन और संहार करती हैं। भगवान शिव के कहने पर रक्तबीज शुंभ-निशुंभ, मधु-कैटभ आदि दानवों का संहार करने के लिए देवी पार्वती ने असंख्य रूप धारण किए, लेकिन देवी के प्रमुख नौ रूपों (मां शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी, सिद्धिदात्री) की पूजा-अर्चना की जाती है। नवरात्र का हर दिन देवी मां के विशेष रूप को समर्पित होता है, हर स्वरूप की उपासना करने से अलग-अलग प्रकार के मनोरथ पूर्ण होते हैं। शास्त्रों की मान्यता है कि देवी इन नौ दिनों में पृथ्वी पर आकर अपने भक्तों के सभी कष्टों को दूर कर, उन्हें सुख-सौभाग्य, विद्या और दीर्घायु का वरदान प्रदान करती हैं। इसलिए नवरात्र, माता भगवती की साधना का सर्वोत्तम समय होता है। नवरात्र के नौ दिनों में पांच ज्ञान इंद्रियां, पांच कर्म इंद्रियां और एक मन, इन ग्यारह को जो संचालित करती हैं, वही परम शक्ति हैं। यह जीवात्मा, परमात्मा, भूताकाश, चित्ताकाश और चिदाकाश में सर्वव्यापी हैं। इनकी श्रद्धाभाव से आराधना की जाए तो चारों पुरुषार्थ धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष की प्राप्ति होती है।

**ऐसे करें देवी पूजन:** नवरात्रों में प्रतिदिन प्रातः घर को साफ-सुथरा करके मुख्य द्वार के दोनों तरफ स्वास्तिक बनाएं और सुख-समृद्धि के लिए दरवाजे पर आम या अशोक के ताजे पत्तों का तोरण लगाएं। मान्यता है कि माता की पूजा के दौरान देवी के साथ तामसिक शक्तियां भी घर में प्रवेश करती हैं, लेकिन मुख्यद्वार पर बंदनवार लगी होने के कारण तामसिक शक्तियां घर के बाहर ही रहती हैं। इस दिन सुबह स्नानादि करके माता दुर्गा की मूर्ति या तस्वीर को लकड़ी की चौकी या फिर आसन पर, स्वास्तिक का चिन्ह बनाकर स्थापित करना चाहिए। मां दुर्गा की मूर्ति के बाईं तरफ श्री गणेश की मूर्ति रखें। उसके बाद माता के समक्ष मिट्टी के बर्तन में जौ बोएं, जौ समृद्धि और खुशहाली का प्रतीक माने जाते हैं। मां की आराधना के समय यदि आपको कोई भी मंत्र नहीं आता हो तो केवल दुर्गा सप्तशती में दिए गए नवार्ण मंत्र 'ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुंडाये विच्चे' से पूजा कर सकते हैं और यही मंत्र पढ़ते हुए पूजन सामग्री अर्पित करें। माता शक्ति का यह मंत्र अमोघ है। अगर संभव हो सके तो देवी को श्रंगार का सामान और नारियल-चुन्नी जरूर चढ़ाएं। अपने पूजा स्थल से दक्षिण-पूर्व की तरफ घी का दीपक जलाते हुए 'ॐ दीप ज्योतिः परब्रह्म दीप ज्योतिर्जनार्दनः। दीपो हरतु मे पापं पूजा दीप नमोस्तुते' यह मंत्र पढ़ें और आरती करें। देवी मां की पूजा में शुद्ध देसी घी का अखंड दीप जलाने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह होता है, सुख-शांति आती हैं।

## देवी मां के इन मंत्रों का करें जाप

मान्यता है कि अगर नवरात्र के दौरान मां दुर्गा के मंत्रों का जाप पूरे भक्तिभाव से किया जाए तो व्यक्ति को विशेष फल की प्राप्ति होती है, जीवन भय एवं बाधारहित हो जाता है और साथ ही समस्त सुखों की प्राप्ति होती है।

- सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके।
  शरण्ये त्र्यंबके गौरी नारायणि नमोऽस्तुते।।
- ॐ जयंती मंगला काली भद्रकाली कपालिनी।
  दुर्गा क्षमा शिवा धात्री स्वाहा स्वधा नमोऽस्तुते।।
- ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डायै विच्चै।

अनुभूति

सरस्वती रमेश

बेटियां घर-परिवार की वो खुशबू होती हैं, जो सबको अपनेपन से बांधे रखती हैं। सबको आपस में जोड़, घर की ताकत बढ़ाती हैं बेटियां। ऐसे में बेटियां इस बात की हकदार हैं, उन्हें हर परिवार में प्यार-दुलार और मान-सम्मान मिले।

# परिवार की अनमोल रत्न हैं बेटियां

जिस घर में बेटियां होती हैं, वह घर हमेशा प्रेम-स्नेह से सराबोर रहता है। एक भीनी-भीनी आत्मीय सुगंध परिवार के हर सदस्य को मिलती रहती है। जिस तरह गुलाब के फूल पूरे चमन की खूबसूरती को बढ़ा देते हैं, ठीक ऐसे ही बेटियां, घर-आंगन की रौनक बढ़ा देती हैं। बेटियां परिवार, रिश्तों और भावनाओं को बड़ी तन्मयता से अपने स्नेह के जल से सिंचित करती हैं।



**बेटियों से रोशन हैं रिश्ते:** बेटियां घर की रौनक होती हैं। बचपन में वो अपनी मासूम हंसी और आत्मीय बातों से सबका मन मोह लेती हैं। बड़ी होने पर अपनी परवाह और देखभाल से सबकी चहेती बन जाती हैं। शादी के बाद यादों में बस कर माता-पिता, दादा-दादी सबकी आंखों में आंसू छलका देती हैं। पहले घर के कामों में आगे बढ़कर मां का हाथ बंटाती हैं, फिर शादी होने के बाद संस्कारों को एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक ले जाती हैं। ससुराल और मायके के बीच पुल बनकर दो परिवारों को जोड़ती हैं। इस तरह सदियों से चली आ रही सामाजिक परंपरा की धारा को अनवरत जारी रखती हैं। बेटियां, एक रिश्ते में कई रिश्तों के अहसास दिलाती हैं। हर रिश्ते में प्यार की मिठास घोलती हैं बेटियां।

**सबकी परवाह करती हैं:**



पारिवारिक फिल्मों में ऐसे दृश्य खूब दिखाई देते हैं, जिसमें परिवार के सभी सदस्य घर के किसी काम के लिए छोटी या बड़ी बेटी को ही बुलाते हैं। उन्हें पता है कि उनका काम बेटी जरूर कर देगी। बेटी भी खुशी-खुशी मम्मी-पापा, दादा-दादी, काका-काकी की पुकार पर दौड़ी चली आती है। ये सिर्फ फिल्मों के दृश्य नहीं हैं। आज भी हमारे भारतीय परिवारों में रिश्ते-नातों से प्रेम बेटा-बेटी दोनों करते तो हैं, लेकिन बेटी के प्रेम में करुणा, ममता और सेवाभाव भी होता है। पापा की छोटी-मोटी चीजें, दादाजी का चश्मा और दादी की जोड़ों के दर्द की दवाएं यदि खो गई हैं तो उसे बेटी ही ढूंढ कर लाती है।

**घर को सजाती है बेटियां:** घर को सहेजने, संवारने में बेटियां जी-जान लगा देती हैं। परिवार से रिश्ता गांठने वाली बेटियां घर के कोने-कोने से संबंध बना लेती हैं। तो हमारी यह जिम्मेदारी बनती है, बेटियों का मान-सम्मान करने के साथ ही, उनके मन को समझने की कोशिश करें। ससुराल जाने के बाद भी उन्हें वही पुराना दुलार-प्यार जीवन भर दें।

## बेटी दिवस का संदेश

**बेटियां माता**-पिता के जीवन की सबसे अनमोल रत्न होती हैं। फिर ऐसा क्यों है कि घर-परिवार और समाज में पीड़ित, प्रताड़ित होने की खबरें आए दिन अखबारों की सुर्खियां बनती हैं। दरअसल, सदियों से चली आ रही ये रीतियां गलत हैं। इन्हें बदलने की पहल हमको, आपको ही करनी होगी। यह हमारी और समाज की जिम्मेदारी है कि उन्हें घर-परिवार में आदर के साथ बराबरी का अधिकार मिले। जिस घर को संवारने में उन्होंने अपना तन-मन लगाया, उस घर की संपत्ति में उन्हें भी बराबर का हक दिया जाए, जिससे किसी मुसीबत में पड़ने पर जब भी वो ससुराल से मायके लौटें तो अपना घर समझ कर लौटें। तो बेटी दिवस (28 सितंबर) पर आप भी संकल्प लें, अपने घर की बेटियों को बिना किसी बंधन या रूढ़ियों के हर क्षेत्र में आगे बढ़ने की आजादी देंगे। बेटी दिवस मनाने के पीछे संदेश भी यही है।

मेकअप


ललिता गोयल

# मेकअप करें ऐसे कि फंक्शन में आप दिखें सबसे अलग-गॉर्जियस

नवरात्र के दौरान युवतियां और टीनएजर गर्ल्स गरबा और डांडिया फंक्शन में शामिल होने के लिए मचलने लगती हैं। इस खास अवसर पर महिलाएं ट्रेडिशनल आउटफिट पहनती हैं। इसके साथ आपको अपने मेकअप पर खास ध्यान देने की जरूरत होती है क्योंकि खूबसूरत मेकअप ही आपके लुक में चार चांद लगाता है। अगर आप भी गरबा नाइट के दौरान खुद को सबसे अलग और गॉर्जियस दिखाना चाहती हैं तो यहां बताए जा रहे टिप्स को फॉलो करें।

**फेस क्लीनिंग:** डांडिया फंक्शन के लिए मेकअप ऐसा होना चाहिए, जो पसीने से बहे भी नहीं और ज्यादा देर तक टिका भी रहे। इसके लिए मेकअप से पहले चेहरे को क्लींजर से साफ करें और क्लीन फेस पर आइस पैक से मसाज करना भी ना भूलें।

**वाटर-बेस्ड प्रोडक्ट्स:** गरबा या डांडिया नाइट फंक्शन में शामिल होने के लिए वाटरप्रूफ मेकअप ही अप्लाई करें, क्योंकि अगर मेकअप वाटरप्रूफ नहीं हुआ तो गरबा खेलते हुए पसीना आने से फेस का लुक खराब हो सकता है। वाटर-बेस्ड मेकअप प्रोडक्ट्स अच्छे रहते हैं क्योंकि ये काफी लाइट होते हैं।



**सबसे पहले बेस बनाएं:** मेकअप शुरू करने से पहले अच्छा फेस प्राइमर जरूर लगाएं। प्राइमर, मेकअप को लंबे समय तक टिके रहने में मदद करता है। प्राइमर लगाने के बाद चेहरे, गले और बैक पर एसपीएफ फ्री फाउंडेशन से बेस बनाएं।

**कंसीलर यूज करें:** मेकअप करते समय चेहरे के दाग-धब्बों को छिपाने के लिए करेक्टर या कंसीलर का इस्तेमाल करें। इसके बाद कॉम्पेक्ट पावडर लगाएं।

**ब्लश से शाइनिंग लुक:** चेहरे को शाइनिंग लुक देने के लिए चीक्स पर आगे की तरफ से ब्लशर को आउटर चीक्स की तरफ ब्लेंड करें।

**लिपस्टिक:** गरबा नाइट में तैयार होने के लिए लाइट पीच, न्यूड शेड, लाइट ऑरेंज, कलर की लिपस्टिक का शेड बेहद खूबसूरत लगता है। ये शेड्स पूरे लुक में निखार लाते हैं। लाइट आई शैडो के साथ डार्क कलर की लिपस्टिक लगाएं और डार्क आई शैडो के साथ लाइट कलर की लिपस्टिक लगाएं, यह स्टनिंग लुक देगा।

**आई मेकअप:** आंखों का मेकअप करने के लिए सबसे पहले वाटर प्रूफ जैल आईलाइनर से आंखों के ऊपरी किनारे पर विंग्ड या स्मज लुक दें। वाटरलाइन पर काजल लगाएं, लेकिन ध्यान रखें कि वह स्मज-प्रूफ हो। इसके बाद वाटर प्रूफ मस्कारा लगाएं। आंखों का मेकअप करते समय अपनी ड्रेस से मैच करता हुआ आईशैडो यूज करें। आई मेकअप को कॉम्प्लीमेंट करने के लिए हल्की आई पेंसिल आईब्रोज पर अप्लाई करें। अंत में मेकअप सेटिंग स्प्रे का यूज करें।

**(ब्यूटी एक्सपर्ट रेनू महेश्वरी से बातचीत पर आधारित)**

मेडिकल एडवाइस

डॉ. संजय कुमार चुग
एचओडी-कॉर्डियोलॉजी
नारायणा हॉस्पिटल, गुरुग्राम

स्पेशल: वर्ल्ड हार्ट-डे, 29 सितंबर

बिगड़ते लाइफस्टाइल, अनहेल्दी फूड हैबिट, ओवर वर्कप्रेशर और अन्य कई कारणों से अब महिलाएं भी बड़ी संख्या में हार्ट डिजीज से ग्रस्त हो रही हैं। इसके कारण, प्रमुख लक्षण और बचाव के बारे में आपको दे रहे हैं बहुत यूजफुल सजेशंस।

# तब आपका हार्ट रहेगा हेल्दी



आज के दौर में अनहेल्दी डाइट और गलत लाइफस्टाइल के कारण पुरुषों से अधिक महिलाओं में हार्ट डिजीज की समस्या तेजी से बढ़ रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार भी हार्ट डिजीज महिलाओं में मौत का प्रमुख कारण बन चुका है, जो पुरुषों की तुलना में अब और भी ज्यादा जानलेवा साबित हो रहा है।

**प्रमुख कारण:** महिलाओं में हार्ट डिजीज के केसेस बढ़ने के कई कारण हैं। खान-पान पर जरूरी ध्यान ना दिया जाने के अलावा मोटापा भी हार्ट डिजीज का कारण बन सकता है। हाल के वर्षों में भारतीय महिलाओं में मोटापे की दर 40% से अधिक हो चुकी है। मॉडर्न लाइफस्टाइल के कारण महिलाएं अपनी डाइट और हेल्थ-फिटनेस का ध्यान नहीं रख पाती हैं। खासतौर पर डेस्क जॉब करने वाली वर्किंग वूमेन, जो लंबे समय तक इनएक्टिव रहती हैं, अगर वे रेग्युलर एक्सरसाइज न करें तो भी हार्ट डिजीज होने का रिस्क बढ़ जाता है। वर्क फ्रॉम होम का ट्रेंड बढ़ने से जॉब करने वाले प्रोफेशनल्स (पुरुष के साथ महिलाएं भी) को 8 घंटे के बजाय 12-14 घंटे तक लगातार काम करना पड़ता है। हाई प्रेशर जॉब और कम समय में टारगेट पूरा करने जैसी स्थिति में तनाव-हाइपरटेंशन से शरीर में मौजूद कोर्टिसोल हार्मोन का लेवल बढ़ जाता है। यह भी हार्ट हेल्थ के लिए नुकसानदायक होता है। इसके अलावा पिज्जा, बर्गर, नूडल्स जैसे जंक फूड खाना भी हार्मफुल है। इसके साथ ही स्मोकिंग एल्कोहल जैसी चीजों का सेवन करने से भी हार्ट ब्लॉकेज की समस्या हो सकती है। मेनोपॉज के बाद महिलाओं में एस्ट्रोजन हार्मोन का लेवल कम हो जाता है, जो हार्ट को सुरक्षा प्रदान करता है। इसी वजह से 50 वर्ष की आयु के बाद अनेक महिलाओं में हार्ट डिजीज का खतरा दोगुना हो जाता है। इसके साथ ही शुगर और थायरॉइड की समस्या भी हार्ट डिजीज के कारणों में से एक है।



**प्रमुख लक्षण:** महिलाओं में हार्ट डिजीज के लक्षण पुरुषों से अलग होते हैं, जिसके कारण इसके लक्षणों को पहचानने में देरी हो जाती है। महिलाएं इसके लक्षणों को सामान्य थकान या पाचन संबंधी समस्या समझ लेती हैं। आमतौर पर उन्हें सीने में तेज दर्द के बजाय हल्का दर्द, दबाव, जलन या भारीपन महसूस होता है, जो बाएं हाथ, गर्दन, जबड़े या पीठ तक फैल सकता है। सांस लेने में तकलीफ, सांस फूलना, चक्कर आना, अचानक ज्यादा थकान महसूस होना, जी मिचलाना, उल्टी, पेट में दर्द, नींद न आना, चिंता, घबराहट, ठंडा पसीना या अनियमित धड़कन का तेज होना, इसके प्रमुख लक्षणों में शामिल हैं। यदि ये लक्षण 20-30 मिनट से अधिक रहें, तो तुरंत डॉक्टर से सहायता लें। महिलाओं में हार्ट डिजीज अकसर 'साइलेंट' होता है।

**बचाव एवं उपचार:** विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, लाइफस्टाइल में बदलाव लाकर कॉर्डियो वैस्कुलर डिजीज को कंट्रोल किया जा सकता है। अपनी डाइट में मौसमी फल, सब्जियां, साबुत अनाज, नट्स और हर तरह की दालों को शामिल करें। नमक, चीनी, घी, तेल और मिर्च-मसालों का सीमित इस्तेमाल करें। नियमित रूप से योग, व्यायाम और एक्सरसाइज करें। स्विमिंग भी दिल की सेहत के लिए फायदेमंद होता है। ऐसी एक्टिविटीज की वजह से वजन और ब्लडप्रेशर कंट्रोल रहता है, जो हार्ट डिजीज से बचाव में मददगार साबित होता है।

**प्रस्तुति: विनीता कुमारी**

## खबर संक्षेप

### महाराजा अग्रसेन के जीवन पर डाला प्रकाश

**हिसार।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश महामंत्री एवं प्रवक्ता विपिन गोयल छानीवाला ने कहा कि आज महाराजा अग्रसेन जयंती मनाई जा रही है। देश भर में अंतिम छोर पर बैठे जरूरतमंद समाज के व्यक्ति और परिवार की मदद करके सच्ची श्रद्धांजलि महाराजा अग्रसेन के चरणों में समर्पित करें। उन्होंने कहा कि महाराजा अग्रसेन के समाजवाद के नारे को सार्थक करने की आज बेहद जरूरत है।

### श्रम विभाग ने चलाया स्वच्छ कार्यालय अभियान

**हिसार।** श्रम विभाग, औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा ने सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत 'स्वच्छ कार्यालय अभियान' का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य न केवल कार्यस्थल को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाना था, बल्कि कर्मचारियों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता पैदा करना भी। इस अभियान में विभिन्न डिविजन के 20 से अधिक कर्मचारियों ने भाग लिया। अभियान में सभी डिविजन के कर्मचारियों ने मिलकर अपने-अपने कार्यक्षेत्र, गलियारों और साझा स्थानों की सफाई की।

### शारदीय नवरात्रि महोत्सव पर किया हवन

**हिसार।** शारदीय नवरात्रि महोत्सव के अवसर पर अधिवक्ता परिषद हिसार एवं जिला बार एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में जिला अदालत परिसर स्थित बार भवन में मंगलकारी विघ्नहरण हवन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच और हिसार की विभिन्न अदालतों के न्यायाधीशगण, अधिवक्ताओं एवम् अतिथियों द्वारा आहुति डालकर किया गया। इस पावन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. परविंदर कौर कार्यवाहक जिला एवं सत्र न्यायाधीश उपस्थित रहीं।

### 20.412 किलो गांजे का दूसरा आरोपी गिरफ्तार

**हिसार।** नशीले पदार्थों की तस्करी पर सख़्त कार्रवाई के तहत थाना आजाद नगर पुलिस टीम ने 2 अप्रैल 2025 को 20 किलोग्राम 412 ग्राम गांजा बरामदगी के मामले में दूसरे आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान शास्त्री नगर निवासी प्रेम सिंह उर्फ़ सरपंच के रूप में हुई है। आरोपी को अदालत में पेश कर गांजा तस्करी के स्रोत का पता लगाने के लिए 5 दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### स्टूडियो से कैमरे, नकदी व अन्य सामान चोरी

**हिसार।** जाट धर्मशाला के पास रविवार रात को चोरों ने एक फोटो स्टूडियो में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने दुकान का शटर उखाड़ दिया और वहां से 2 कैमरे, 21 हजार की नकदी और अन्य सामान चोरी करके ले गए। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और छानबीन में जुट गई। पुलिस आसपास में लगे सीसीटीवी की फुटेज खंगालने में जुटी है, ताकि चोरों का कोई सुराग हाथ लग सके। चोरों ने फव्वारा चौक पर जाट स्कूल मार्केट में नागपाल किरयाणा स्टोर में भी चोरी की वारदात को अंजाम देने की भी कोशिश की।

---

### किरमारा के खेल स्टेडियम में हुई एथलेटिक्स चैम्पियनशिप

# 100 मीटर में सुजल और 200 में अंकुश दौड़े सबसे तेज

आयोजकों ने विजेता खिलाड़ियों की सराहना करते हुए पुरस्कार देकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

एथलैटिक्स हिसार द्वारा जिला जूनियर एथलैटिक्स चैम्पियनशिप का आयोजन किरमारा के खेल स्टेडियम में किया गया जिसमें जिलाभर से आए लड़के और लड़कियों ने भाग लिया।

इस प्रतियोगिता में लड़के और लड़कियों की अंडर-14, अंडर-16, अंडर-18 और अंडर-20 आयु वर्ग की स्पर्धाएं करवाई गई। इस मौके पर राजू कनोह, जगदीश, सुधीर, गोरा सिंह, लोकेश, प्रदीप, जोगेंद्र सिंह, राजेंद्र, सुरेन्द्र, अमित शाहपुर, जॉनी आदि भी मौजूद रहे। खिलाड़ियों को मेडल और सर्टिफिकेट रामस्वरूप पोपली, इंद्रजीत, हिमांशु, एथलेटिक्स हिसार के महासचिव मनोज कड़वासरा और किरमारा के सरपंच टेक राम आदि ने प्रदान किए।


**हिसार।** खिलाड़ियों को मेडल और सर्टिफिकेट देते रामस्वरूप पोपली, इंद्रजीत, हिमांशु, मनोज कड़वासरा और सरपंच टेक राम व अन्य।

#### प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे

20 आयु वर्ग की 100 मीटर रेस में पहला स्थान सुजल, द्वितीय स्थान मुकुंद, तृतीय स्थान शुभम को मिला। इसी आयु वर्ग की 200 मीटर में अंकुश प्रथम स्थान, राहुल द्वितीय स्थान, प्रीतम तृतीय स्थान पर रहा। इसी आयु वर्ग की 400 मीटर में अंकुश ने प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान अक्षय , तृतीय स्थान अनुज ने प्राप्त किया।10000 मीटर में प्रथम स्थान पर आशीष, द्वितीय स्थान साहिल, तृतीय स्थान समीर रहा। इसी आयु वर्ग की शॉट पुट में प्रथम स्थान पर सिमन सिंह, द्वितीय स्थान नितिन कुमार, तृतीय स्थान अंकुश को मिला। इसी आयु वर्ग लड़कियों की 1500 मीटर में श्रुति प्रथम स्थान पर, द्वितीय स्थान कुसुम, तृतीय स्थान अलका को मिला।

#### ट्रायथलॉन ग्रुप में नव्या रही प्रथम

ट्रायथलॉन ग्रुप बी लड़कियों में प्रथम स्थान नव्या, द्वितीय स्थान एकांतिक, तृतीय स्थान सविता ने पाया। ग्रुप बी बॉयज में प्रथम स्थान अमित, द्वितीय स्थान शिवम, तृतीय स्थान यामीर ने प्राप्त किया। ट्रायथलॉन ग्रुप ए लड़कों में प्रथम स्थान सिद्धांत, द्वितीय स्थान अजय, तृतीय स्थान लावन्या यश ने पाया। इसी ग्रुप में लड़कियों की ट्रायथलॉन इवेंट में चीनू प्रथम स्थान, द्वितीय स्थान ख्वाइश, अंकित तृतीय स्थान पर रही। इसी ग्रुप के ट्रायथलॉन ग्रुप सी लड़कों में प्रथम स्थान आयुष, द्वितीय स्थान मुकुल और तृतीय स्थान कार्तिक ने प्राप्त किया।

---

# जीएसटी सुधारों से राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को मिलेगी नई गति : सुरेन्द्र पुनिया

- प्रदेश महामंत्री पूनिया ने बताया कि इस ऐतिहासिक पहल बताते हुए जन-जन तक पहुंचाने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी


**हांसी।** पत्रकारों से बातचीत करते भाजपा प्रदेश महामंत्री सुरेंद्र पुनिया व अन्य।

भाजपा के प्रदेश महामंत्री सुरेन्द्र पूनिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में किए गए ऐतिहासिक जीएसटी सुधारों के कारण देश की कर व्यवस्था सरल एवं जनहितैषी हो गई है। पूनिया ने सोमवार को पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि इन सुधारों से व्यापारियों पर करों का बोझ कम होगा वहीं आमजन को वर्षभर पहले से अधिक किफायती दरों पर सेवाएं उपलब्ध होंगी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जीएसटी सुधारों से राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी, जो कि विकसित भारत के निर्माण की दिशा में एक मजबूत कदम साबित होगा। इस अवसर प जिला अध्यक्ष अशोक सैनी, जिला महामंत्री धर्मवीर रतेरिया व विजेन्द्र लोहान, जिला प्रवक्ता रामफल बूरा सहित पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता अशोक कनौजिया, राजेन्द्र लांबा, तनुज खुराना, सुखविन्दर जाखड़ आदि रहे।

---

# हिसार कप में निशानेबाजों ने दिखाई प्रतिभा


**हिसार।** शूटिंग रेंज हिसार में पहले कप के आयोजन में निशाना लगाते प्रतिभागी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

मलिक शूटिंग रेंज हिसार में पहला हिसार कप का सफल आयोजन हुआ, जिसका संचालन राष्ट्रीय पदक विजेता युवराज सोनी द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में जिले के लगभग 50 पिस्टल निशानेबाजों ने भाग लिया।

इस अवसर पर कोच संजय मलिक ने कहा कि हर खिलाड़ी में एक नई शुरूआत करने की ताकत होती है, जरुरत है तो सिर्फ सही दिशा और आत्मविश्वास की।

युवराज सोनी ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि हर स्तर के निशानेबाजों को एक ऐसा मंच मिले, जहां वे आत्मविश्वास के साथ अपनी प्रतिभा दिखा सकें।

---

# ड्यूटी के दौरान मिला मोबाइल लौटा पुलिस कर्मियों ने दिया ईमानदारी का परिचय

- वीआईपी ड्यूटी के दौरान ट्रैफिक पुलिस में तैनात मुख्य सिपाही विजेंद्र, एएसआई राजेशतथा होम गार्ड के जवान सुनील कुमार गीता चौक पर मिला था मोबाइल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हांसी


**हांसी।** ड्यूटी के दौरान मिले मोबाइल फोन को लौटाते एएसआई राजेश कुमार।

पुलिस कर्मी जनता की सेवा और सुरक्षा के साथ-साथ ईमानदारी का भी परिचय दे रहे हैं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि रविवार सुबह 7 बजे वीआईपी ड्यूटी के दौरान ट्रैफिक पुलिस में तैनात मुख्य सिपाही विजेंद्र, एएसआई राजेश तथा होम गार्ड के जवान सुनील कुमार गीता चौक पर ड्यूटी दे रहे थे। और ड्यूटी के दौरान उन्हें एक मोबाइल फोन मिला। जिसके बाद पुलिस कर्मियों ने मोबाइल फोन के असल मालिक का पता लगाकर उसे सही-सलामत वापस लौटा दिया। पुलिस अधीक्षक अमित यशवर्धन ने कहा कि हांसी पुलिस की इस निष्ठावान व पारदर्शी कार्यवाही ने आमजन के बीच पुलिस की छवि को और मजबूत किया है। इस तरह के कदम न केवल जनता में पुलिस के प्रति विश्वास को गहरा करते हैं बल्कि यह भी दर्शाते हैं कि पुलिस सदैव नागरिकों की सहायता और भलाई के लिए तत्पर है।

---


**हिसार।** पत्रकारों से बातचीत करते इनेलो नेता उमेद लोहान व अन्य।

### ऐतिहासिक होगी रोहतक की इनेलो रैली : लोहान

**हिसार।** पूर्व उपप्रधानमंत्री चौधरी देवीलाल की जयंती के अवसर पर इनेलो 25 सितम्बर को रोहतक में भव्य रैली आयोजित करेगी। रैली को सफल बनाने के लिए इस माह के दौरान हरियाणा के सभी जिलों व सभी हलकों में व्यापक जागरूकता अभियान चलाया गया है। यह बात पार्टी के राष्ट्रीय संगठन सचिव उमेद सिंह लोहान ने सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में कही। उन्होंने कहा कि रोहतक रैली ऐतिहासिक होगी और प्रदेश के अन्य दलों के नेता इनेलो में शामिल होने की घोषणा करेंगे। उन्होंने कहा कि रैली का मुख्य उद्देश्य चौधरी देवीलाल की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाना है। साथ ही, वर्तमान सरकार की नाकामियों के खिलाफ यह रैली जनता की आवाज़ को बुलंद करेगी। इनेलो के जिला प्रवक्ता विनोद कस्वां एडवोकेट ने कहा कि यह रैली पार्टी के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। पूर्व मंत्री सम्पत सिंह भी 25 सितंबर की रोहतक रैली में चौधरी देवी लाल को श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे। इस मौके पर जिला अध्यक्ष सत्पाल काजला, वरिष्ठ नेता सतबीर सिंह सिसाय, वरिष्ठ नेता राजेश गोदारा, राजीव राजा, तेलू राम सरपंच, आईएसओ प्रदेश अध्यक्ष साहिलदीप कस्वाँ, जिला प्रवक्ता विनोद कस्वां एडवोकेट आदि भी उपस्थित रहे।

---

# सतेन्द्र कोथ बने भाकियू के जिला प्रधान, किया स्वागत

- भारतीय किसान यूनियन की जिला हिसार कार्यकारिणी का विस्तार,

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौंद


**नारनौंद।** गांव राखी गढ़ी में किसान यूनियन के सदस्य हाथ उठाकर समर्थन करते हुए।

गांव राखी गढ़ी के बाराह खाप के चबूतरे पर रविवार को भारतीय किसान यूनियन की जिला कार्यकारिणी विस्तार को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जोगीराम लौरा ने की, जबकि इसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश अध्यक्ष चौधरी रतन मान मौजूद रहे। बैठक में यूनियन से जुड़े किसान बड़ी संख्या में पहुंचे और नई कार्यकारिणी को सर्वसम्मति से चुना गया।

नई कार्यकारिणी में जिला संरक्षक की जिम्मेदारी कुलदीप खरड़ को सौंपी गई, जबकि सतेन्द्र कोथ को सर्वसम्मति से जिला प्रधान चुना गया। उप प्रधान पद पर जोगीराम लोरा, सुनील बुरा, सतेन्द्र श्योराण और सुमेर कुंडू को जिम्मेदारी दी गई। जिला महासचिव की कमान दीपक मोर को मिली। इसके अलावा कोषाध्यक्ष सुरजमल ढांड, मीडिया सचिव अजय कोथ, प्रचार मंत्री बलजीत अहलावत, सचिव प्रवेश राजली और प्रवक्ता अनिल बैंदा काबरेल को चुना गया। बैठक में राज्य स्तर पर भी कार्यकारिणी विस्तार किया गया।

---

# रॉयल स्कूल खारा खेड़ी के एनसीसी कैडेट्स ने देखा एयर शो कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार


**हिसार।** एयरपोर्ट पर एयरशो देखने पहुंचने रॉयल इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल खारा खेड़ी के एनसीसी कैडेट्स। फोटो :हरिभूमि

रॉयल इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल खारा खेड़ी के 25 एनसीसी कैडेट्स ने 3 हरियाणा बटालियन एनसीसी हिसार के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल सुनील कटारिया के दिशा- निर्देशन में महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे पर भारतीय वायु सेना की सूर्य किरण टीम द्वारा प्रस्तुत एक रोमांचक एयर शो का अवलोकन किया। कैडेट्स ने अपनी यह उपस्थिति स्कूल की एनसीसी अधिकारी थर्ड ऑफिसर पूनम बिश्नोई और अध्यापक मुकेश की देखरेख में दर्ज़ की। भारतीय वायु सेना की विश्व विख्यात सूर्य किरण एयरोबेटिक टीम ने अपने नौ विमानों की सटीक फॉर्मेशन और रोमांचक करतबों से आसमान को तिरंगे के रंग में रंग दिया। स्कूल चेयरमैन डॉ. युद्धवीर सिंह, स्कूल संचालिका डॉ. ज्योत्स्ना, स्कूल प्रशासक विक्रमादित्य, सैनिक स्कूल कमांडेंट कर्नल (डॉ.) डीवी नेहरा ने स्कूल के एनसीसी कैडेट्स को एयर शो देखने का अवसर देने के लिए 3 हरियाणा बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल सुनील कटारिया का आभार जताया।

### रामलीला का मंचन आज से

**हिसार।** श्री बद्री-केदार रामलीला समिति द्वारा 23 से विद्युत नगर में रामलीला का मंचन किया जाएगा। रामलीला समिति द्वारा मंच मे मंत्रों उच्चारण कर हनुमान जी का ध्वजारोहण किया गया। रामलीला समिति के प्रधान मुकेश रावत ने बताया कि तीसरी बार वृन्दावन धाम, मथुरा के मशहूर कलाकारों से सुसज्जित टीम स्वामी देवेन्द्र बृजवासी महाराज, आदर्श महालक्ष्मी रासलीला, रामलीला संस्थान के गौरवमयी सानिध्य में पूर्णतः शुद्ध-सात्विक एवं धार्मिक रामलीला का मंचन मंगलवार से विद्युत नगर रामलीला मैदान में करेगी। बताया कि 2 अक्टूबर सायं 4:00 बजे से रामलीला समिति द्वारा भव्य दशहरा पर्व विद्यत नगर रामलीला मैदान में मनाया जाएगा।

# एनसीसी कैडेट्स ने किया एयर शो कार्यक्रम का शैक्षणिक भ्रमण

- यह एनसीसी अधिकारी पवन कुमार की देख रेख में हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार


**हिसार।** एयर शो देखने पहुंचे द रॉयल सैनिक विद्यापीठ के एनसीसी कैडेट्स।

बालसमंद रोड पर स्थित द रॉयल सैनिक विद्यापीठ रावलवास के एनसीसी कैडेट्स ने श्री हरियाणा बटालियन एनसीसी हिसार के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल सुनील कटारिया के दिशा-निर्देशन में महाराजा अग्रसेन एयरपोर्ट पर सूर्य किरण के सौजन्य से एयर शो कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज की। कैडेट्स ने अपनी यह उपस्थिति एनसीसी अधिकारी पवन कुमार और अध्यापिका ज्योति की देखरेख में किया। विद्यालय के एनसीसी कैडेट ने अपना अनुभव सांझा करते हुए कहा कि एयर शो में भाग लेना वाकई रोमांचकारी और यादगार रहा है। इससे हमें भारतीय वायु सेना की ताकत, अनुशासन और उन्नत तकनीक को देखने का अनुभव मिला है। कैडेट्स ने अपने अनुभव के लिए कमांडिंग ऑफिसर कर्नल सुनील कटारिया, विद्यालय निदेशक पवन गोदारा व प्रधानाचार्य पवन कुमार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमारे जीवन में एनसीसी और एनसीसी के माध्यम से यह यादगार पल रहेगा।

---

# पूर्व मंत्री गुप्ता ने सुनीं आमजन की समस्याएं, समाधान का आश्वासन

- कार्यक्रम के दौरान प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजना दीनदयाल लक्ष्मी लाडो योजना पर चर्चा भी की गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार


**हिसार।** जनसंवाद कार्यक्रम में उपस्थित पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता व अन्य।

भाजपा जिला कार्यालय में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने आम नागरिकों की समस्याएं सुनी। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजना दीनदयाल लक्ष्मी लाडो योजना पर परिचर्चा आयोजित की गई।

इस अवसर पर वक्ता के रूप में डॉ. दिव्या सेठी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में 25 सितंबर से लागू की जाने वाली यह योजना महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी। इस अवसर पर सुरेश गोयल धूपवाला, रामचन्द्र गुप्ता, सतीश सुरलिया, कृष्ण बिश्नोई, राहुल सैनी, प्रोमिला पुनिया, सुरेंद्र सिंह सैनी, अनिल सैनी, अनुज जैन, धर्मवीर पानू, कैप्टन नरेंद्र शर्मा, सज्जन शर्मा, महेन्द्र पानू, संदीप थरेजा, कृष्ण पारिक, डॉ. उषा सिंह, सुरेश एलआईसी, सुमन यादव, अंबिका प्रसाद आदि मौजूद रहे।

---

### महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में प्रतिभा खोज कार्यक्रम का आयोजन

# भाषण प्रतियोगिता में छात्रा कुशमिता को प्रथम स्थान

कविता पाठ प्रतियोगिता में छात्रा राखी को प्रथम स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

भिवानी रोहिल्ला स्थित महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज में प्रतिभा खोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय चेयरमैन भारत भूषण प्रधान, डायरेक्टर डॉ. नीलम प्रभा व प्राचार्या डॉ. शमीम शर्मा ने दीप प्रज्वलित करके किया। महाविद्यालय चेयरमैन भारत भूषण प्रधान ने कहा कि सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं छात्राओं में प्रतिस्पर्धात्मकता, समय प्रबंधन, और नेतृत्व गुणों का विकास करती हैं, जो उनके भविष्य के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. शमीम शर्मा ने छात्राओं से कहा कि प्रतिभा खोज कार्यक्रम के माध्यम से छात्राएं शिक्षा के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों द्वारा अपनी प्रतिभा को उभारती है क्योंकि इनसे हमारे व्यक्तित्व का संपूर्ण विकास संभव है।



**हिसार।** प्रतिभा खोज कार्यक्रम के तहत नृत्य प्रतियोगिता में हिस्सा लेती छात्राएं।

#### यह रहे विभिन्न प्रतियोगिताओं के परिणाम

प्रतिभा खोज के तहत भाषण, कविता, नृत्य, गायन, मिमिक्री, प्रश्नोत्तरी, पेटिंग, मोनो एक्टिंग, पोस्टर बनाओ, स्कैच मेकिंग, कार्टूनिंग,मेहंदी लगाओ आदि प्रतियोगिताएं हुई। भाषण प्रतियोगिता में बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा कुशमिता ने प्रथम स्थान व बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा दिव्या ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कविता पाठ प्रतियोगिता में बी कॉम द्वितीय वर्ष की छात्रा राखी ने प्रथम स्थान व बी ए द्वितीय वर्ष की छात्रा बानी ने द्वितीय स्थान हासिल किया। नृत्य प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा दिव्या ने प्रथम स्थान, बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा शगुन ने द्वितीय स्थान व बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा पिंकी ने तृतीय स्थान और गायन प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष की छात्रा आयना ने प्रथम स्थान व बीए तृतीय वर्ष की छात्रा अंशिका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में टीम 'सी' ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता में बीएससी प्रथम वर्ष की छात्रा शगुन ने प्रथम स्थान, बीए प्रथम वर्ष की छात्रा चंद्रमुखी ने द्वितीय स्थान व बी एस सी प्रथम वर्ष की छात्रा दिव्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार से रंगोली प्रतियोगिता में बी ए तृतीय वर्ष की छात्रा सलमा ने प्रथम स्थान व कोलॉज मेकिंग प्रतियोगिता में बी कॉम तृतीय वर्ष की छात्रा मुस्कान ने प्रथम स्थान हासिल किया।

## खबर संक्षेप



### बैठक आयोजित कर रखा सेवा कार्यों का ब्योरा

**हिसार।** शिव सेवक मंडल की बैठक मंडल प्रधान डॉ. महिपाल मुंजाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में हाल में हुई अमरनाथ यात्रा के दौरान हर वर्ष की तरह मंडल द्वारा भंडारा लगाया गया। बैठक में भंडारे के सम्बंध में आई दान राशि व सेवा कार्यों पर हुए खर्च का ब्यौरा रखा गया जिसे सर्वसम्मति से पास कर दिया गया।

### छह दिवसीय शिव शक्ति ध्यान शिविर आज से

**हिसार।** ओशो ध्यान उपवन में 23 सितंबर से शुरू होने वाले छह दिवसीय शिव शक्ति ध्यान शिविर की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस शिविर में विभिन्न क्षेत्रों से काफी संख्या में साधक हिस्सा लेंगे। 28 सितंबर तक चलने वाले इस शिविर में सतगुरु ओशो के छोटे भाई स्वामी शैलेंद्र सरस्वती व मां अमृत प्रिया हर रोज प्रवचन देकर साधकों को ध्यान का महत्व समझाएंगे।

### मंगाली आकलन गांव के देवानंद सोनी को मातृशोक

**हिसार।** मंगाली आकलन गांव निवासी देवानंद सोनी की माता माया देवी सोमवार को पंचतत्व में विलीन हो गई। मायादेवी का बीते कल देर सायं हृदय गति रुकने से निधन हो गया था। वह 78 वर्ष की थी। उनके पुत्र डॉ. कैलाश सोनी, भीम सोनी, देवानंद सोनी व सीताराम सोनी ने बताया कि उनकी अंतिम यात्रा सोमवार को मंगाली आकलन गांव की जसमा कॉलोनी स्थित आवास से चलकर गांव के श्मशानघाट पहुंची।

### बुजुर्गों ने माता के दरबार में हाजिरी लगाई

**हिसार।** मोक्ष वृद्धाश्रम में अखंड ज्योति प्रज्वलित कर व हवन करके नवरात्रों की शुभ शुरूआत की गई। बुजुर्गों ने माता के दरबार में हाजिरी लगाकर आराधना की और जनकल्याण के निमित हवन-यज्ञ में हिस्सा लिया। बुजुर्गों ने आराधना व हवन करते हुए सभी के सुखद जीवन व स्वास्थ्य की कामना की। इस दौरान मोक्ष वृद्धाश्रम का पूरा परिसर जय माता दी के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा।

### पटेल नगर में सड़क निर्माण कार्य शुरू

**हिसार।** पटेल नगर आठ मरला कालोनी स्थित गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल से चौधरी किरयाणा स्टोर वाले चौक तक और चारों धाम पार्क आठ मरला कॉलोनी में सड़क निर्माण कार्य का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया गया।

### अखिल भारतीय सेवा संघ ने गोशाला में की गोसेवा

**हिसार।** अखिल भारतीय सेवा संघ के सदस्यों ने अमावस्या पर सेक्टर 16-17 साउथ बाइपास पर सनातन आदर्श गोशाला में जाकर गुड़, मीठे दलिये, हरे चारे की सवामणी लगाकर अपने हाथों से गऊ माता को खिलाया। इस अवसर पर संघ के प्रांतीय अध्यक्ष राजेंद्र सपड़ा, प्रांतीय संगठन सचिव संदीप भाटिया, प्रांतीय मीडिया सहप्रभारी राजेंद्र अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कृषि मेले में करीब अढ़ाई करोड़ रुपये के बीज बिके

# किसानों को खेती के साथ-साथ उद्यमिता की ओर अग्रसर होने की जरूरत: प्रो. काम्बोज

'प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन' पर आयोजित दो दिवसीय कृषि मेला संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में सोमवार को दो दिवसीय कृषि मेला (रबी) का समापन हुआ। इस वर्ष कृषि मेले का थीम 'प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन' रहा। विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों एवं निजी क्षेत्र की कंपनियों द्वारा नई तकनीकों की जानकारी देने के लिए 300 स्टालें लगाई गई। मेले में किसानों को रबी फसलों की उन्नत किस्मों के प्रमाणित बीज व कृषि साहित्य भी उपलब्ध करवाएं तथा साथ ही मिट्टी-पानी की जांच की सुविधा भी उपलब्ध करवाई गई। मेले के समापन अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज मुख्यातिथि रहें जबकि लुवास के कुलपति प्रो. विनोद कुमार वर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहें।

**मेले 1 लाख 23 हजार किसानों ने की शिरकत**



हिसार । उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्टॉलों को सम्मानित करते कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज, साथ है लुवास के कुलपति प्रो. विनोद वर्मा व अन्य। फोटो : हरिभूमि

### किसानों को नवीनतम बीज उपलब्ध करवा रहा हकृवि : प्रो. वर्मा

लुवास विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनोद वर्मा ने बताया कि हकृवि किसानों को कृषि की नवीनतम तकनीक उपलब्ध करवा रहा है, शोध कार्यों के साथ-साथ उन्नत किस्मों के बीज उपलब्ध करवाने में भी अहम भूमिका निभा रहा है। इस दौरान उन्होनें लुवास के माध्यम से प्रदेश के पशुपालकों को उपलब्ध करवाई जा रही सेवाओं का विस्तार से उल्लेख किया। इस मौके पर हकृवि के विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल, संयुक्त निदेशक विस्तार डॉ. कृष्ण कुमार यादव, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ एसके पाहुजा समेत अन्य अधिकारी व वैज्ञानिक उपस्थित रहे।

### 426 नमूनों की जांच की

मेले में दोनो दिन लगभग 1 लाख 23 हजार किसानों की उपस्थिति दर्ज की गई। मेले में आगामी रबी फसलों के बीजों के लिए किसानों में भारी उत्साह देखा गया जहां किसानों ने गेहूं, जौ, सरसों, चना, मेथी, मसूर, बरसीम, तथा जई व उन्नत किस्मों के लगभग 2 करोड़ 49 लाख रुपये के बीज खरीदे। मेले में 77 हजार 250 रुपये के कृषि साहित्य की बिक्री हुई। सब्जी व बागवानी फसलों के बीजों की 2 लाख 13 हजार 500 रुपये की बिक्री हुई। किसानों ने मेले में मिट्टी व पानी जांच सेवा का लाभ उठाते हुए मिट्टी तथा पानी के 426 नमूनों की जांच करवाई। टिश्यू कल्चर तकनीक द्वारा विकसित पौध की बिक्री 27 हजार व जैव उर्वरक के टीके की बिक्री 1 लाख 18 हजार रुपये की हुई।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्टॉलों को किया गया सम्मानित

स्टॉलों में से सीड ग्रुरप में शक्तिवर्धक/समग सीड्स प्रथम, आईएफएसए सीड्स द्वितीय तथा न्यूजीवीडू सीड्स लिमिटेड तृतीय स्थान पर रहे। इन्सेक्टिसाइडस व पेस्टीसाइडस ग्रुप में क्रिस्टल क्रॉप सांइस प्रथम, बायर क्रॉप सांइस द्वितीय व कोरोमंडल तृतीय स्थान पर रहे। फर्टिलाइजर ग्रुप में हैबिटैट पहले, यारा दूसरे व कृभको तीसरे स्थान पर रहे। मशीनरी व ट्रेक्टर ग्रुरप में बरवाला एग्रो सर्विस प्रथम, फील्ड मारशल कम्पनी द्वितीय व राठी ग्रीन हाउस तृतीय स्थान पर रहे। प्रगतिशील किसान समूह में सुभाष कंबोज, एसएस ऑर्गेनिक फार्मिंग तथा नूर ऑर्गेनिक/योगेन्द्र मशरूम क्रमशः पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे। इसी प्रकार हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के तिलहन अनुभाग (जीपीबी), एचएयू मार्ट/सब्जी विभाग तथा इंदिरा चक्रवर्ती सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय को क्रमशः प्रथम, द्वितीय व तृतीय पुरस्कार मिले। सरकारी विभाग कैटेगरी में बागवानी विभाग, हरियाणा सरकार व लुवास/एमएचयू/मत्स्य विभाग, हरियाणा सरकार, पहले व दूसरे स्थान पर रहे। विविध ग्रुप में वेक्स्टर हेल्थ केयर, फिलोजोइक फार्मा व हिन्दुस्तान गम/ऑगेनिक हरियाली नर्सरी पहले, दूसरे व तीसरे स्थान पर रहे।

### भारत में कृषि अर्थव्यवस्था की रीढ़ : प्रो. काम्बोज

कुलपति प्रो. काम्बोज ने अपने सम्बोधन में कहा कि किसानों को अपनी फसलों की अच्छी पैदावार प्राप्त करने के लिए उन्नत किस्मों के बीज, बीज उपचार, समय पर बिजाई, सिफारिश के अनुसार उर्वरकों एवं कीटनाशकों का प्रयोग करना चाहिए। कृषि उद्यमिता पर जोर देते हुए उन्होने कहा कि किसानों को खेती के साथ-साथ उद्यमिता की ओर अग्रसर होने की जरूरत है। भारत में कृषि अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, क्योंकि यह हमें भोजन प्रदान करने के साथ साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करता है, निर्यात को बढ़ावा देता है और सामाजिक-आर्थिक विकास में योगदान देता है।

# गुरु बिना ज्ञान अधूरा : रामचरण गुप्ता

- बाबा बालक नाथ एवं दुर्गा माता मंदिर में हुआ भव्य सत्संग व भंडारा
- शुक्र है बाबा जी, जो आपने मुझे बुलाया भजन पर जमकर झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार । बाबा बालक नाथ एवं दुर्गा माता मंदिर में सत्संग कार्यक्रम में श्रद्धालुओं को प्रवचन देते मुख्य सेवक रामचरण गुप्ता।

तरसेम नगर स्थित बाबा बालक नाथ एवं दुर्गा माता मंदिर में हुए सत्संग कार्यक्रम में मंदिर के मुख्य सेवक रामचरण गुप्ता ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें सदैव गुरुओं का आदर और शुकराना करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि /"हे भगवान! आपने जो हमें दिया है, हम उसके लिए आपके आभारी हैं। बाबा जी की पूर्ण कृपा है।/" रामचरण गुप्ता ने प्रवचन देते हुए कहा कि अच्छे कर्मों से ही भगवान की प्राप्ति संभव है। गुरु भगवान का रूप हैं और वे सदा अपने शिष्यों का कल्याण चाहते हैं। गुरु के बिना ज्ञान अधूरा है और जीवन अंधकारमय प्रतीत होता है।

उन्होंने कहा कि जब हम पूरे मन से प्रभु का सिमरन करते हैं तो ईश्वर स्वयं हमें जीवन के हर कदम पर मार्गदर्शन करते हैं। भगवान का नाम कभी व्यर्थ नहीं जाता। श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए गुप्ता ने कहा कि बच्चों में जैसे संस्कार डाले जाएंगे, वे जीवनभर वही संस्कार लेकर आगे बढ़ेंगे। इसलिए यह माता-पिता की जिम्मेदारी है कि वे संतान को सही मार्ग पर ले जाने वाले संस्कार दें। इस दौरान पूरा मंदिर परिसर भक्तिमय हो गया। रामचरण गुप्ता के प्रवचनों और भजनों पर श्रद्धालु देर तक झूमते रहे।

# जीवन में इंश्योरेंस को अहमियत दें



हिसार : कार्यक्रम में शामिल मुख्य अतिथि मेयर प्रवीण पोपली व स्टाफ पदाधिकारी और सदस्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

- इंश्योरेंस में जीएसटी समाप्त होने की दी जानकारी

भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) की ब्रांच-2 में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेष तौर से मेयर प्रवीण पोपली बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए।

इस दौरान इंश्योरेंस के क्षेत्र में जीएसटी समाप्त होने की जानकारी दी गई। ब्रांच मैनेजर जोगिंदर भोला ने कहा कि आज से बहुत सी चीजों पर जीएसटी समाप्त की गई है। इसमें इंश्योरेंस भी है। इंश्योरेंस में जीएसटी समाप्त होने का लाभ मिलेगा। हर व्यक्ति अपने जीवन में इंश्योरेंस को हमेशा अहमियत दे। उन्हें इंश्योरेंस करवाना चाहिए।

**ये रहे मौजूद**

कार्यक्रम में ब्रांच के विक्रम मित्र, यशपाल मलिक, सज्जन पंवार, आशीष बजाज, सुरेंद्र धमीजा, देवेंद्र गुंदलीत्र, सुनीता कटारिया, रितु सिवाच, अनु, वैशाली और उषा ग्रोवर, रिमी गुप्ता, रंजना वधवा, सूरज सैनी आदि मौजूद रहे।

# बच्चों को गुरमुखी लिपि के प्रति किया जागरूक

- बच्चों को अरदास शब्द में रंग करवाया गया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। बच्चों के साथ पंजाबी भाषा अध्यापक गौरव भुटानी।

अग्रसेन भवन में रविवार को बाबा जोध सचियार सेवा समिति द्वारा नौवा सालाना सत्संग समागम बड़ी श्रद्धा भावना से मनाया गया। इसमें हरियाणा के अलग-अलग इलाकों से आई संगतों ने पाठ व कीर्तन दरबार से अपने आप को निहाल किया।

इस मौके पर पंजाबी भाषा अध्यापक गौरव भुटानी ने बाबा जोध सचियार समिति व बाबा बंदा सिंह बहादुर सिख स्टडी सर्कल संस्था के सहयोग से एक कैंप का आयोजन किया जिसमे यहां संगत के रूप में आए लगभग 150 बच्चों को गुरमुखी लिपि के प्रति जागरूक किया गया। बच्चों को कलरिंग शीट पर पैंती अखरी करवाई गई। बच्चों को अरदास शब्द में रंग करवाया गया। इस मौके पर पंजाबी भाषा अध्यापक ने समिति प्रधान दयानंद भयाना, उपप्रधान कश्मीर भयाना, बाबा बंदा सिंह गुरद्वारा संत नगर से राम दास चांदना व भूपेन्द्र पाहवा का सहयोग करने के लिए आभार किया।

# मेडिकल कैंप में 412 लोगों का स्वास्थ्य जांचकर दवाई दीं

निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन

- डॉ. उमेश कालड़ा के निर्देशन में 10 चिकित्सकों ने जांच की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार । मेडिकल शिविर में उपस्थित अतिथिगण व समिति पदाधिकारी।

जनमानस सेवा समिति की ओर से रविवार को पुरानी सब्जीमंडी चौक स्थित सरकारी मिडल स्कूल नंबर-3 में निशुल्क मेडिकल कैंप लगाया गया। कैंप का उद्घाटन सेवा भारती के अध्यक्ष भीमसैन बंसल, पूर्व एक्सईएन विजय त्रिखा और डॉ. बलबीर सैनी ने किया। मुख्यातिथि के रूप में युवा नेता संजीव गंगवा ने शिकरत की। कैंप में 412 लोगों ने फायदा उठाया। इस दौरान ईसीजी, ब्लड, शुगर आदि की जांच की गई। साथ ही दवाईयां भी वितरित की गई।

जनमानस सेवा समिति के प्रेस प्रवक्ता अंबिका प्रसाद ने बताया कि कैंप में सर्वेश हेल्थ सिटी के डायरेक्टर डॉ. उमेश कालड़ा के निर्देशन में 10 चिकित्सकों ने जांच की और उचित परामर्श के साथ दवाइयां भी दी।

**ये रहे मौजूद**

*विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व चेयरमैन सतबीर वर्मा, देवेंद्र सैनी, फतेहाबाद के नगर परिषद के चेयरमैन राजेंद्र खिंची सहित अन्य गणमान्य लोग पहुंचें। इस मौके पर डॉ. वैभव बिदानी, समिति के प्रधान राकेश सैनी, छबीला कटारिया, प्रवीण राड़ा, कृष्ण सैनी, कैलाश सैनी आदि मौजूद रहे।*

# अधिकारियों के उपेक्षापूर्ण रवैया को लेकर जताया रोष

- बैठक कर सेक्टर-33 की समस्याओं पर किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

सेक्टर 33 के के लोगों की एक बैठक देवकुमार भाटिया की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन प्रवीन सिंघल ने किया। बैठक में सैक्टर की समस्याओं के समाधान को लेकर हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों द्वारा उपेक्षापूर्ण रवैया अपनाए जाने पर रोष प्रकट किया गया।

आरडब्ल्यूए के पूर्व प्रधान राजपाल नैन ने बताया कि सैक्टर की समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर सेक्टर वासियों ने 11 सितंबर को विधायक सावित्री जिंदल से मुलाकात की थी। विधायक के निर्देश पर हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की संपदा अधिकारी ने 12 सितंबर को विभाग के सभी अधिकारियों को साथ लेकर सेक्टर का दौरा भी किया था और 10 दिन में सैक्टर की समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया था। नैन ने बताया कि संपदा अधिकारी के आश्वासन पूरी तरह से खोखले साबित हुए हैं और सेक्टर की समस्याओं के समाधान की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है, जिसको लेकर सेक्टरवासियों में भारी रोष है।

बैठक में प्रवीण सिंघल, साधुराम भ्याण, राजबीर सिंह, एस एस चौहान, विनोद गोयल, डॉ. अनूप गोयल, श्यामलाल राजलीवाल, जगदीश गोदारा, डॉ. देसराज, संदीप गनेरीवाला, प्रमोद धुंधवाल, ताराचंद सुथार, सूरजमल एसडीओ, बीबी मलिक आदि मौजूद रहे।

### गायों को हलवा-पूरी नहीं, तूड़ी-हरा चारा दें : सिंगल

**हिसार।** गौ सेवा हेल्प लाइन समिति हिसार के संचालक सीता राम सिंगल ने बताया कि अमावस्या पर लोगों द्वारा धर्म और पुण्य कमाने के नाम पर गायों को हलवा पूरी खिलाया गया जिस कारण गऊएं परेशान रही। सिंगल ने बताया कि एक परिवार जब गायों को हलवा पूरी खिलाता है तो उसे ये पता नही होता कि उस गाय को पहले कितने परिवार ने खिला दिया और अभी कितने ही और परिवार भी हलवा पूरी खिलाएंगे। सिंगल ने यह भी कहा कि जब अधिक मात्रा मे गाय तले पदार्थ खा लेती है तो कुछ समय बाद गाय को अफारा आ जाता है। उन्होंने कहा कि गायों का असली भोजन तो हरा चारा, तूड़ी होता है तथा सीमित मात्रा मे गायों को चना, चुरी, दलिया व गुड़ ही दिया जा सकता है लेकिन बेसहारा घूम रही गायें भूखवश ये हलवा पूरी खा लेती है जो इनकी मौत का कारण भी बन जाती है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

## अखंड ज्योत के लिए मंदिर ट्रस्ट ने दिन व रात के लिए अलग-अलग ब्राह्मणों की व्यवस्था की

# प्रथम नवरात्रे पर मोती बाजार हनुमान मंदिर में प्रज्ज्वलित की सैंकड़ों अखण्ड ज्योतें

अखण्ड ज्योतों के प्रज्जवलन के बाद मां भगवती की मंगल आरती करके भोग लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

**नवरात्रों के उपलक्ष में मंदिर को मनमोहक व आकर्षक लाइटों से सजाया**



हिसार। हनुमान मंदिर, मोती बाजार में आरती करते मंदिर ट्रस्ट के प्रधान रमेश लोहिया व भक्तजन। फोटो हरिभूमि

सिद्ध हनुमान मंदिर मण्डल ट्रस्ट मोती बाजार में सोमवार को प्रातः मां दुर्गा, मां काली एवं मां संतोषी के दरबारों के सम्मुख भक्तजनों द्वारा सभी मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाली सैंकड़ों अखण्ड ज्योतें प्रज्वलित की गई, जो नवमी तक जलती रहेंगी। सभी ज्योतें दिन-रात अखंड जलती रहें, इसके लिए मंदिर ट्रस्ट ने दिन व रात के लिए अलग-अलग ब्राह्मणों की व्यवस्था की है। अखण्ड ज्योतों के प्रज्वलन के बाद मां भगवती की मंगल आरती करके भोग लगाया गया। पूरा मंदिर माता के जयकारों से गूंज उठा। मंदिर के प्रधान रमेश कुमार लोहिया व महासचिव अनूप गुप्ता ने बताया कि आज से मंदिर के पुजारी पंडित राजेश शास्त्री के सान्निध्य में ब्राह्मणों द्वारा श्रीदुर्गा सप्तशती पाठ का भी शुभारंभ किया गया, जिनका 30 सितम्बर को श्रीदुर्गा अष्टमी पर हवन-आरती, कन्या पूजन व प्रसाद वितरण के साथ समापन होगा। नवरात्रों के उपलक्ष में मंदिर को मनमोहक व आकर्षक लाइटों से सजाया गया है। मंदिर में सज्जन गुप्ता, महेन्द्र कुमार बंसल, अमित गुप्ता, सुदेश सोनी, संजीव शर्मा, अनिल जिंदल, परसराम कपड़े वाले, ओमप्रकाश गर्ग, रोशनलाल गोयल, त्रिलोक डालमिया, सुभाष सोनी, श्यामसुंदर, पवन कुमार, इन्द्रसैन, अशोक जैन, विशाल गर्ग आदि सेवाएं दे रहे हैं।

### नवरात्रों के उपलक्ष्य में मलिक चौक पर भंडारा शुरू

हिसार। नवरात्रों के उपलक्ष्य में लाला हरिचंद सेवा सदन, खाटू धाम के सेवादार दीपक गर्ग की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मलिक चौक स्थित गर्ग रियल एस्टेट के बाहर आज दोपहर से आठ दिवसीय भंडारे का आयोजन किया गया। समाजसेवी दीपक गर्ग ने बताया कि नवरात्रों में 30 सितम्बर तक रोजाना दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक भंडारे का वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर एन.के.गोयल, सुरेन्द्र बागड़ी, अनिल तनेजा, देवेन्द्र गर्ग, गजानंद गर्ग, डॉ. प्रमोद तायल, नरेन्द्र गुप्ता, रितेश गर्ग, सतीश आदि सेवादार भी उपस्थित रहे।